## महत्वपूर्ण एवं खास

### नहरों के किनारे व्यवसाय की नहीं मिलेगी अनुमति

**कोरबा (आरएनएस)।** शहर के बीच से गुजरी हसदेव बायीं और दांयीं तट नहर के किनारे जमीन को लोग अब व्यवसायिक गतिविधियों के लिए मांग करने लगे हैं। इस पर हसदेव दर्री बराज जल प्रबंध संभाग के कार्यपालन अभियंता ने कहा है कि नहर की जमीन को व्यवसायिक उपयोग के लिए नहीं दिया जा सकता। नहर मरम्मत के लिए जमीन की जरूरत है। नहर के दोनों किनारे 20-20 फीट से अधिक जमीन अधिग्रहित की है। नहर मरम्मत के लिए मिट्टी की जरूरत पड़ती है। कुछ दिनों से लोग नर्सरी, बागवानी, खाद बनाने और सब्जी उगाने के लिए मांग कर रहे थे। कार्यपालन अभियंता को सूचना जारी करना पड़ा। राताखार से लेकर इमलीडुग्गू के आसपास जमीन पर अतिक्रमण भी हो गया है। इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण करते पाए जाने पर बेदखली अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं डीडीएम रोड पर तो नहर के किनारे कई लोगों ने अतिक्रमण कर मकान और दुकान बना लिया है।

### छग हाईकोर्ट ने डीजे जीआर बर्मन को किया बर्खास्त

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन विधि विधायी कार्यभार मंत्रालय महानदी भवन अटलनगर नवा रायपुर के प्रमुख सचिव रामकुमार तिवारी विधि विधायी द्वारा आदेश क्रमांक 3055 के अनुसार छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश गणेश राम बर्मन सदस्य उच्च न्यायिक सेवा एफटीसी जशपुर की सेवाएं कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई हैं।

### पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली, नीचे बैठे 2 लोगों की हुई मौत

**कवर्धा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। मृतक बारिश के कारण बरगद पेड़ के नीचे बैठे थे इसी दौरान बिजली गिरी और दोनों उसकी चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मामला लोहारा थाना क्षेत्र के पेलपार गांव का है। जहां गरज चमक के साथ तेज बारिश हो रही थी जिससे बचने के लिए दो व्यक्ति ननकू साहू 54 वर्ष और परमानंद पटेल बरगद के पेड़ के नीचे जाकर बैठ गए और इसी दौरान वहां बिजली गिरी और दोनों उकी चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर मौत हो गई। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

### नक्सल मोर्चे पर अदम्य साहस एवं वीरता के लिए 5 जवानों को मिली पदोन्नति

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के नेतृत्व में नक्सल उन्मूलन अभियान संचालित किया जा रहा है। विदित हो कि पूर्व में जिला नारायणपुर क्षेत्रान्तर्गत संचालित नक्सल विरोधी अभियान में अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने वाले जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति का आदेश पूर्व में पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा जारी किया गया था, जिसके परिपालन में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्टार सेरेमनी कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं उप पुलिस अधीक्षक उन्नति ठाकुर के द्वारा पदोन्नत अधिकारी एवं जवानों को स्टार एवं लाल फिरती लगाकर पांच जवानों को पदोन्नत किया गया है। जिन अधिकारी एवं जवानों को आज पदोन्नति दी गई है उनमें राजकुमार सोरी, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक एवं सुकनाथ नुरेटी, सुकलाल ध्रुव, पुरूषोत्तम नुरेटी, विजय कुमार पुजारी जो आरक्षक से प्रधान आरक्षक प्रधान के पद पर पदोन्नत हुए है। ज्ञात हो कि वर्ष 2020 में कड़ेनेटा क्षेत्र में पुलिस नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए एक नक्सली को मार गिराया गया था, जिसमें और एक नक्सली के मारे जाने की पुष्टि हुई थी।

# ड्रायवर के साथ मिलकर ट्रेलर मालिक ने किया 31 टन कोयला की अफरा-तफरी, आरोपित ट्रेलर मालिक गिरफ्तार



**रायगढ़।** छाल पुलिस द्वारा 31 टन कोयले की अफरातफरी के मामले में आरोपित ट्रेलर मालिक पंकज कुमार साहू को कल बिलासपुर से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया है जिसे अमानत में खयानत के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

कोयले की अफरा-तफरी को लेकर ट्रांसपोटर सचिन गुप्ता (उम्र 30 साल) निवासी बरघाट, घरघोड़ा के द्वारा दिये आवेदन पत्र पर थाना छाल में दिनांक 10.01.2023 को ट्रेलर क्रमांक सी.जी. 10 ए.जी. - 7156 के मालिक पंकज साहू व उसके ड्रायवर पर धारा 407, 34 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज किया गया। ट्रांसपोटर के अनुसार दिनांक 07.07.2022 को ट्रेलर क्र. सी जी-10-ए.जी.-7156 का चालक अभिषेक को टोकन पर्ची देकर एस.ई.सी.एल. खुली खदान छाल से 31 टन कोयला लोड कराया गया था। दिनांक 26.08.2022 कोल बेनिफिकेशन घुटकु बिलासपुर से अधिकारियों ने कॉल कर बताये कि दिनांक 07.07.2022 को ट्रेलर क्र. सी.जी. - 10 ए.जी. -7156 से भेजा गया कोयला उनके यहां आज दिनांक तक नहीं पहुंचा है। तब ट्रेलर मालिक पंकज साहू निवासी हिरीं बिलासपुर से उसके मोबाईल नंबर में फोन कर पूछताछ किया गया तो वह टाल-मटोल कर जवाब दे रहा है। अन्य वाहन मालिकों और ड्रायवरों से पूछताछ करने पर पता चला है कि ट्रेलर मालिक और ड्रायवर अन्य व्यक्ति से साठगाठ कर 31 टन कोयला कीमत लगभग 2,50,000 रुपये का बिक्री कर गबन कर दिया गया है। घटना के बाद से आरोपित ट्रेलर मालिक और ड्रायवर फरार थे। थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया ट्रेलर मालिक पंकज साहू के गांव अपने मुखबिर तैनात कर रखा गया था जिनके द्वारा आरोपी पंकज साहू को बिलासपुर में कहीं और रहने की जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा आरोपी पंकज साहू से संपर्क रखने वालों से पूछताछ कर आरोपी की पतासाजी कर रहे थे कि आरोपी के संबंध में पुख्ता जानकारी मिलने पर एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के मार्गदर्शन पर छाल पुलिस की टीम बिलासपुर रवाना हुई और आरोपी को हिरासत में लिया गया जिससे घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ करने पर गवाहों के समक्ष बताया कि उसके ड्राइवर परमेंद्र उर्फ सानू उर्फ अभिषेक साहू के साथ मिलकर बिलासपुर में ट्रेलर में लोड कोयला को एक लाख में बिक्री कर बिक्री रकम में से रु.70,000 अपने पास रख लिया और ड्राइवर परमेंद्र को रु.30,000 दिया था। इसके ट्रेलर को इंडेक्स बैंक फाइनेंस वालों द्वारा सीज कर ले गये हैं। आरोपी पंकज साहू पिता पुनीत राम साहू उम्र 32 साल निवासी छपरी चौकी करही थाना भांठापारा जिला बलौदा बाजार हाल मुकाम परिजात कैसल कॉलोनी मकान नंबर 26 बिलासपुर के पास से नकद रु.5000 रूपये बरामद हुआ है, शेष रकम खर्च कर देना बताया। आरोपी को कल शाम गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया, प्रधान आरक्षक महेन्द्र कर्ष, छवि पटेल, आरक्षक गोविंद बनर्जी और हरेन्द्र पाल जगत तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल और दुर्गेश सिंह की अहम भूमिका रही है। मामले का एक और आरोपी ड्राइवर परमेंद्र उर्फ सानू उर्फ अभिषेक साहू फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

## मौसम ने फिर बदली करवट, राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में हो रही हैं बारिश



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मौसम ने एक फिर करवट बदली है। तेज धूप के बाद आज गुरुवार को सुबह से राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में बादल छाए रहे। वहीं रायपुर और बिलासपुर के कई इलाकों में बारिश हुई।

कई जिलों में ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के साथ तेज अंधड़ और गरज-चमक भी हो सकता है। अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के पेंड्रा रोड, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा और उसके लगे हुए जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है।

वहीं छत्तीसगढ़ के कबीरधाम, राजनांदगांव, सुकमा, कांकेर, बीजापुर और उससे लगे हुए जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ ओलावृष्टि, अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है।मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटों के लिए प्रदेश के सरगुजा, जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, मुंगेली, कोरबा, रायपुर, कबीरधाम,कोंडागांव, दंतेवाड़ा और राजनांदगांव जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ और वज्रपात होने की संभावना है। इसके अलावा सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ ओलावृष्टि, अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है।

## दहेज की मांग से प्रताड़ित नव विवाहिता की थी आत्महत्या, मृतिका का पति दहेज हत्या के अपराध में गिरफ्तार



**रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर अंतर्गत ग्राम सम्बलपुरी में गत 01 मार्च की रात्रि नव विवाहिता अरूणा राठिया पति योगेद्र राठिया उम्र 21 वर्ष निवासी सम्बलपुरी थाना चक्रधरनगर अपने कमरे में पंखा लगाने वाले सीलिंग कडी में सफेद कलर स्कार्फ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतिका नव विवाहिता होने से न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग पंचानामा कार्यवाही कर शव का पोस्ट मार्टम कराया गया। मर्ग जांच दौरान घटन को लेकर मृतिका के माता-पिता, बड़ी बहन, गवाह बताये कि अरूणा राठिया (मृतिका) का विवाह मई 2022 में योगेद्र राठिया निवासी सम्बलपुरी के साथ सामाजिक रिति रिवाज से हुआ था। अरूणा का पति योगेद्र राठिया दहेज में सोफा सेट, मोटरसायकल, फ्रीज नहीं लाये हो कहकर उसके साथ क्रूरतापूर्वक व्यवहार करते हुये गाली गलौज मारपीट करता था जिसे अरूणा अक्सर अपने मायके बताती थी। घटना दिनांक को भी सुबह अरूणा से उसका पति योगेन्द्र दहेज की बात को लेकर मारपीट कर रहा था, अरुणा अपनी दीदी को फोन कर उसका पति मारपीट कर बहुत परेशान कर रहा है पति के घर में रह नहीं पाएगी किसी को भेजकर मायके ले जाओ कहकर मोबाइल पर बता रही थी जिसे सुनकर योगेन्द्र और मारपीट किया। योगेन्द्र राठिया लगातार सोफा सेट, मोटरसायकल फ्रीज, की मांग को लेकर अरूणा को क्रूरतापूर्वक व्यवहार कर उसे प्रताड़ित करता था जिससे तंग आकर उसी रात अरूण अपने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की ली। मर्ग जांच से मृतिका के पति योगेद्र राठिया के विरूद्ध दिनांक 17.03.2023 को दहेज हत्या (धारा 304-बी भादवि) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। गंभीर घटना की जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिनव उपाध्याय को प्राप्त होने पर केस डायरी अपने हस्ते लेकर तत्काल चक्रधरनगर थाने के स्टाफ के साथ ग्राम सम्बलपुरी जाकर आरोपी योगेन्द्र राठिया पिता भवानी राठिया उम्र 26 वर्ष निवासी संबलपुरी थाना चक्रधरनगर को हिरासत में लेकर आये जिससे पूछताछ कर अहम सबूत एकत्र कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सीएसपी अभिनव उपाध्याय के साथ आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना चक्रधरनगर के उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, आरक्षक श्वेत बारीक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## जूटमिल क्षेत्र में मिले महिला के शव मामले में हत्या का अपराध दर्ज

**❒ मृतिका के कथित प्रेमी ने पत्थर से सिर में चोट पहुंचाकर की थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार**



**रायगढ़।** 15 मार्च को थाना जूटमिल अंतर्गत किरीतराई तलाब कोड़ातराई के पास एक अधेड़ महिला का शव संदेहास्पद अवस्था में मिला था। महिला की शिनाख्त सराईभद्दर में रहने वाली 42 वर्षीय महिला के रूप में हुआ। जूटमिल पुलिस शव पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मर्ग जांच दौरान मृतिका के परिजनों से पूछताछ में जानकारी मिली कि मृतिका करीब 3 महीने से अपने मायके में रहती है जिसका योगेश कुमार सारथी निवासी नवापारा रायगढ़ के साथ अच्छी मित्रता थी। मृतिका के परिजन बताए कि योगेश का उनके यहां आना जाना था। 14 मार्च की शाम को अंतिम बार मृतिका के साथ योगेश को देखा गया था। जूटमिल पुलिस संदेही योगेश को तत्काल हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर पहले तो योगेश सारथी मृतिका के साथ मैत्री संबंध होना बताया और घटना कारित करने से इंकार कर दिया। पुलिस के अलग-अलग तरीकों से पूछताछ करने पर अंततः योगेश सारथी टूट गया और महिला की हत्या कर अपराध का वृतांत बताया।

आरोपी योगेश सारथी बताया कि पिछले 4 साल से उसका मृतिका के साथ प्रेम संबंध था। योगेश ने मृतिका को एक कीपैड मोबाइल दिया था। योगेश का महिला के मायके सराईभद्दर आना-जाना और महिला के साथ घूमना-फिरना था। 14 मार्च के शाम योगेश ने महिला को उसके घर से अपने मोटरसाइकिल स्प्लेंडर में बिठाकर ग्राम लिंझिर किरीतराई तलाब मेड के पास ले गया। जहां शराब पीने के बाद योगेश ने उसकी साथी महिला को अन्य व्यक्तियों के साथ मिलती-जुलती हो कहकर डांट फटकार किया। इस बात से दोनों के बीच झगड़ा विवाद और हाथापाई हुआ जिसमें योगेश महिला पर हावी होकर हाथ मुक्का से मारपीट कर वहीं पड़े एक पत्थर उठाकर महिला के सिर में मारकर चोट पहुंचाया जिससे वह बेहोश हो गई। कुछ देर योगेश वहीं बैठा रहा, महिला को होश नहीं आने पर फौत हो जाने पर महिला के की पैड मोबाइल को लेकर अपने बाइक से घर आ गया। आरोपी के अपराध कबूलनामे के बाद जूटमिल पुलिस आरोपी योगेश कुमार सारथी पिता संतोष सारथी उम्र 36 साल निवासी नवापारा कबीर चौंक, थाना जूटमिल रायगढ़ के मेमोरेंडम पर तालाब के पास से घटना में प्रयुक्त पत्थर का टुकड़ा, आरोपी एवं मृतिका के मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सीजी 13 जे 6247 को जप्त किया गया है। आरोपी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर आज जूटमिल पुलिस द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर हत्या मामले के आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल, सहायक उपनिरीक्षक भागीरथी चौधरी तथा जूटमिल व साइबर सेल स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## शासकीय स्कूल चपले में रक्षा टीम ने ली गुड टच, बैड टच की क्लास



**रायगढ़।** अभिव्यक्ति जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में आज डीएसपी निकिता तिवारी के साथ पुलिस रक्षा टीम के सदस्यों ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चपले में स्कूली छात्र-छात्राओं को अच्छे और बुरे स्पर्श में अंतर बताया गया। डीएसपी निकिता तिवारी ने स्कूली बच्चों को बताया गया कि बच्चों के साथ यदि कोई व्यक्ति गंदी नियत से स्पर्श करें तो उसका शोर मचा कर विरोध करें । स्कूल, घर, मोहल्ले या कहीं भी इस प्रकार की अवांछनीय घटना घटती है तो तुरंत अपने माता-पिता को बतावे ऐसी घटनाओं से डरे नहीं और ना ही छिपाएं।

डीएसपी निकिता तिवारी द्वारा बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देने और मोबाइल गेम से दूर रहने की सलाह दी गई। स्कूली बच्चों को डायल 112 तथा "अभिव्यक्ति ऐप" के संबंध में बताया गया और उसके प्रयोग भी सिखाया गया है। जागरूकता कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम की सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा व उनके स्टाफ भी साथ थे।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार : लोन दिलाकर बैंककर्मी ने बढ़ाया महिला से नजदीकी, शादी का प्रलोभन देकर किया शोषण

**रायगढ़।** गत 16 मार्च को थाना छाल में स्थानीय युवती द्वारा ग्राम करनौद, बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा के अजय सारथी पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज करायी। पीड़िता के लिखित आवेदन पर थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर महिला पुलिस अधिकारी से पीड़िता का विस्तृत बयान कराये।

पीड़िता बताई कि उसके पति के शराब पीकर मारपीट करने से अपने बच्चों के साथ मायके में रहती है। बच्चों के पालन पोषण के लिये रायगढ़ अपने भाई के यहां रहकर रायगढ़ में काम करती है। करीब एक साल पहले रूपयों की आवश्यकता पर समस्ता बैक खरसिया जाकर लोन के विषय में पता की और वहां के कर्मचारी अजय सारथी से मिली। अजय उसे 02 किस्त में 40,000/ रूपये का लोन दियाया था। लोन लेने के दौरान मोबाइल नंबर अजय सारथी को मिल गया। लोन लेने के कुछ दिन बाद अजय सारथी मोबाइल नंबर पर काल व मैसेज करता था। एक दिन अजय कॉल कर पंसद करता हूं और शादी करूंगा बोला। पिछले साल गणेश चतुर्थी के समय अजय सारथी रायगढ़ मिलने आया और शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबध बनाया। उसके बाद अन्य कई जगहों में अजय मिला और शारीरिक शोषण किया करीब 15-20 दिन पहले अजय सारथी को शादी के लिये कहने पर शादी नहीं करूंगा कहकर बातचीत करना बंद कर मोबाईल भी बंद कर दिया। आरोपी पर दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी छाल अपने स्टाफ के साथ आरोपी के गांव और खरसिया में पतासाजी कर आज दोपहर आरोपी को हिरासत में लिये जिसे जेएमएफसी धरमजयगढ़ के न्यायालय रिमांड पर पेश किया गया है। आरोपी अजय सारथी पिता सहदेव सारथी उम्र 24 साल निवासी द्वारा ग्राम करनौद, बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया, प्रधान आरक्षक महेन्द्र कर्ष, छवि पटेल, आरक्षक गोविंद बनर्जी और हरेन्द्र पाल जगत की अहम भूमिका रही है।

## चिरायु योजना से संभव हुआ मनीषा की आंखों का सफल आपरेशन

**❒ 'सँवरता बचपन, निखरता कल' के तर्ज पर चिरायु टीम सारंगढ़ दिन-ब-दिन अपने कार्यों को दे रही अंजाम**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ .आर. निराला के मार्गदर्शन में चिरायु योजना से एक बच्ची मनीषा बरिहा का सफल इलाज संभव हुआ है। सारंगढ़ के चिरायु टीम द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मलदा (ब) में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण दौरान पाया गया कि कक्षा चौंथी में पढ़ने वाली बच्ची मनीषा बरिहा को बाँयी आँख से देखने में समस्या थी। जांच उपरांत पता चला कि मनीषा के बाँयी आँख में डेवेलपमेंटल मोतियाबिंद (कटेरेक्ट) की समस्या है। चिरायु टीम सारंगढ़ के द्वारा तुरंत उसे उच्च स्तरीय जांच एवं इलाज हेतु रायगढ़ चिरायु आई डी 1030759460 से रिफर किया गया। 06 मार्च 2023 को चिरायु टीम के डॉक्टर्स व स्टाफ के द्वारा मनीषा के घर जाकर उसके माता पिता को इलाज हेतु प्रेरित किया गया। तत्पश्चात 13 मार्च 2023 को चिरायु टीम के स्टाफ एवं नेत्र सहायक अधिकारी गीता मनहर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़म के द्वारा मनीषा को जिला अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया गया। जहाँ सभी प्रकार के जांचोपरांत 14 मार्च 2023 को उसकी बाँयी आंख के मोतियाबिंद (कटेरेक्ट)का सफल आपरेशन डॉ मीना पटेल (ऑप्थैलमिक सर्जन) द्वारा पूर्ण रूप से नि:शुल्क सफल ऑपरेशन किया गया।

इस नेक कार्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ के बीएमओ डॉ.आर.एल. सिदार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एल. इजारदार, चिरायु नोडल डॉ.पी.डी.खरे, चिरायु टीम के डॉ.बद्री विशाल पंकज, डॉ बबीता पटेल, डॉ नम्रता मिंज, डॉ प्रभा सारथी, फार्मासिस्ट हिंगलेश्वरी कुर्रे, योगेश चन्द्रा, एएनएम मोंगरा कंवर, गीता मनहर (नेत्र सहायक अधिकारी) एवं जय प्रकाश पटेल (ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक) का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही फॉलोअप की प्रक्रिया की पूर्ण की जा रही है। संयोगवश मनीषा के परिवार का राशनकार्ड कट गया है चूंकि ये बिल्कुल ही गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। अत: चिरायु टीम और नेत्र सहायक अधिकारी के अथक प्रयास से यह इलाज संभव हो पाया है। इस सफल ऑपरेशन के लिए मनीषा



के माता-पिता शासन की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना व समर्पित चिरायु टीम के इस पुनीत कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया है। बेटी मनीषा अब आसानी से देख व पढ़ सकेगी। 'सँवरता बचपन, निखरता कल' के तर्ज पर चिरायु टीम सारंगढ़ दिन-ब-दिन अपने कार्य को अंजाम दे रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480